खण्ड–12 संख्या–5

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

बुधवार तिथि 5 जुलाई, 1989 ई०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान–सभा का कार्य–विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार तिथि 5 जुलाई, 1989 ई० को पूर्वाह्न 10.00 बजे सभापति, **श्री भोला सिंह** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

**विश्वनाथ त्रिवेदी,**
सचिव,
बिहार विधान–सभा

पटना
तिथि 5 जुलाई, 1989 ई०

विभाग में वर्ष 1986 से लम्बित है?

है जिसमें निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.07.89 है।

---

## पथ का चौड़ीकरण

**707. श्री मोती उर्रहमान** : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला स्थित मोतीहारी ढाका बेलवाघाट सड़क का निर्माण 1957 में हुआ था जिसकी चौड़ाई मात्र 8 फीट है तथा सड़क की स्थिति अत्यन्त जर्जर हो जाने के कारण आम लोगों को आवगमन में कठिनाई होती है, यदि हां तो क्या सरकार उक्त पथ को और चौड़ा बनाकर पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री** : (1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। इस पथ का निर्माण वर्ष 1957 में हुआ है। पथ परत की चौड़ाई 10 फीट है। पथ की हालत ठीक है और हर तरह का आवागमन चालू है। परन्तु सड़क की चौड़ाई में वृद्धि की आवश्यकता है जिसे वर्तमान वित्तीय स्थिति को देखते हुए चौड़ीकरण करना संभव नहीं है।

---

## सिमेंट पुल का निर्माण

**711. श्री मो0 मुश्ताक** : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बहादुरपुर पथ में लकड़ी के आठ पुल है,

**प्रभारी मंत्री:**

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

जिसे सीमेन्ट पुल में बदलने का प्रस्ताव विभाग में लम्बित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त लकडी के पुलों को सीमेंट पुल में बदलने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

(2) वित्तीय कठिनाई के कारण आ० सी० सी० पुल का निर्माण करना संभव नहीं है। सभी आठ पुलों का आवश्यकतानुसार मरम्मती करायी गई हैं। यातायात चालू है।

---

## पुल का निर्माण

**714. श्री सत्य नारायण प्रभाकर :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नेड़ाबाडी सड़क के दूसरे किलोमीटर में स्कू पाईल ब्रीज है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय कार्यपालक अभियंता ने उक्त स्कू पाईल ब्रीज यातायात की दृष्टि से अनुपयोगी करार करते हुए सामानान्तर ह्यूम पाईप कुलर्भट का निर्माण कराया;

**प्रभारी मंत्री :**

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है। परन्तु यह स्कू पाईल ब्रीज काफी क्षतिग्रस्त है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है। स्कू पाईल ब्रीज की क्षत-विक्षत स्थिति एवं रिभुलेट जिस पर इसका निर्माण हुआ था उसके डेड हो जाने के कारण उस समय पदस्थापित कार्यपालक अभियंता ने उक्त पुल के अपस्ट्रीम साईड में एक 6 X 1 मी० व्यासवाली ह्यूस पाईप पुलिया का निर्माण कराया था।